**आकाशवाणी मध्यप्रदेश**

**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक : 09.07.2026** **समय : 07.10PM**

मुख्य समाचार :—

- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में प्रवासी भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए कहा, 21वीं सदी का भारत विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है।**
- **उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने भुवनेश्वर में हाई सीज मत्स्य दोहन के राष्ट्रीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया।**
- **मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शाजापुर जिले में किसान सम्मेलन में शिरकत की और "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ किया।**
- **केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने रतलाम पहुंचकर दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया।**

**पीएम- ऑस्ट्रेलिया**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में प्रवासी भारतीय समुदाय के कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी का भारत विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है। श्री मोदी ने कहा कि बीते 12 वर्षों में यह उनकी तीसरी ऑस्ट्रेलिया यात्रा है। प्रधानमंत्री ने भारत-ऑस्ट्रेलिया के साझा खेल और सांस्कृतिक जुड़ाव का भी जिक्र किया। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज़ के बीच तीसरा भारत-ऑस्ट्रेलिया वार्षिक शिखर सम्मेलन हुआ। दोनों देशों ने ऊर्जा सुरक्षा, व्यापार और रक्षा सहयोग पर अहम समझौते किए। भारत को ऑस्ट्रेलिया से दीर्घकालिक यूरेनियम आपूर्ति का रास्ता साफ हुआ, जिससे स्वच्छ ऊर्जा लक्ष्यों को मजबूती मिलेगी। दोनों देशों ने आर्थिक सहयोग समझौते और द्विपक्षीय निवेश संधि को जल्द अंतिम रूप देने पर सहमति जताई है।

**उपराष्ट्रपति-मत्स्य**

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने आज भुवनेश्वर में हाई सीज मत्स्य दोहन के राष्ट्रीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने ओडिशा डीप सी फिशिंग मिशन दस्तावेज भी लॉन्च किया। उपराष्ट्रपति ने देशभर के 10 फिश फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन और मछुआरों को लेटर ऑफ ऑथराइजेशन सौंपे। उन्होंने कहा कि यह पहल भारत की समुद्री यात्रा में नए अध्याय की शुरुआत है। इससे मछुआरे गहरे समुद्र के संसाधनों का सतत उपयोग कर सकेंगे। भारत आज दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मछली उत्पादक देश है। उन्होंने युवाओं से मत्स्य पालन को आधुनिक व्यवसाय के रूप में अपनाने की अपील की।

**मुख्यमंत्री -पौधारोपण अभियान**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज शाजापुर जिले की कालापीपल तहसील में आयोजित किसान सम्मेलन में शिरकत की। "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत उन्होंने वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ किया। इस अभियान के तहत चार लाख पौधे लगाने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर डॉ. यादन ने कहा कि प्रदेश सरकार समान नागरिक संहिता लागू करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है।

**दतिया विधानसभा चुनाव**

प्रदेश में दतिया विधानसभा उप निर्वाचन के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक विजय भारती और पुलिस प्रेक्षक के थियागराजन ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने बिजली, पानी और शौचालय जैसी सुविधाओं का जायजा लिया। प्रेक्षकों ने पॉलीटेक्निक कॉलेज में बने स्ट्रॉगरूम और गणना कक्ष का भी निरीक्षण किया। इसी दौरान दतिया में फ्लाइंग स्क्वॉड और स्टैटिक सर्विलांस टीम को सी-विजिल और ESMS ऐप का प्रशिक्षण दिया गया। इन ऐप के जरिए आचार संहिता उल्लंघन की शिकायतों का निपटारा सौ मिनट के भीतर किया जाएगा।

**उपमुख्यमंत्री- यूनीसेफ**

उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल से आज यूनीसेफ इंडिया के प्रतिनिधिमंडल ने वल्लभ भवन में मुलाकात की। बैठक में शिशु और मातृ मृत्यु दर घटाने, एनीमिया नियंत्रण और बाल विवाह रोकथाम पर चर्चा हुई। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि इन चुनौतियों से निपटने के लिए सभी विभागों में समन्वय जरूरी है। उन्होंने यूनीसेफ से मास्टर ट्रेनर्स की क्षमता निर्माण में सहयोग का आग्रह किया। यूनीसेफ प्रतिनिधि जैस्पर मिलर ने राज्य सरकार के सुमन रोडमैप और मदर एंड न्यूबॉर्न चाइल्ड केयर यूनिट्स की पहल की प्रशंसा की।

**गडकरी -एक्सप्रेसवे निरीक्षण**

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने आज सुबह रतलाम पहुंचकर दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे का निरीक्षण किया। रतलाम कलेक्टर मिशा सिंह ने उन्हें निर्माण कार्यों की जानकारी दी। श्री गडकरी ने पैचवर्क का काम जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे का करीब 244 किलोमीटर का हिस्सा प्रदेश से होकर गुजरता है। यह राज्य के मालवा क्षेत्र के तीन प्रमुख पश्चिमी जिलों- रतलाम, मंदसौर और झाबुआ को सीधे देश की राष्ट्रीय राजधानी और वित्तीय राजधानी से जोड़ता है।

**जेल विभाग-पदोन्नति**

प्रदेश के जेल विभाग में करीब दस साल बाद पदोन्नति की प्रक्रिया शुरू हुई है। जेल मुख्यालय ने विभिन्न संवर्गों में पात्र अधिकारियों और कर्मचारियों के पदोन्नति आदेश जारी किए हैं। इनमें सहायक ग्रेड-1, स्टेनो टाइपिस्ट, लेखापाल और उप अधीक्षक जैसे पद शामिल

हैं। जनसंपर्क अधिकारी राजेश दाहिमा ने बताया कि आने वाले समय में अन्य पात्र कर्मचारियों के आदेश भी चरणबद्ध रूप से जारी होंगे।

**औचक निरीक्षण**

लोक निर्माण विभाग प्रदेशभर में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता जांचने के लिए औचक निरीक्षण कर रहा है। छह जुलाई को सात दलों ने रायसेन, शिवपुरी, बुरहानपुर सहित कई जिलों में 34 निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। प्रमुख अभियंता आर.एल. वर्मा की अध्यक्षता में इसकी समीक्षा बैठक हुई। बुरहानपुर जिले में एक पुल निर्माण में गड़बड़ी मिलने पर संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस देने के निर्देश दिए गए। इसी जिले में एक सड़क निर्माण की गुणवत्ता भी ठीक नहीं मिली, जिसके बाद निर्माण एजेंसी का पंजीयन निलंबित करने की कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

**रेल टिकट जांच**

पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल में कल विशेष टिकट जांच अभियान चलाया गया। यह अभियान स्पेशल रेलवे मजिस्ट्रेट वेद प्रकाश सगर के नेतृत्व में हुआ। गोंडवाना एक्सप्रेस, महानगरी एक्सप्रेस सहित कई प्रमुख ट्रेनों में सघन जांच की गई। बिना टिकट और अनियमित यात्रा करने वाले 66 यात्रियों के खिलाफ कार्रवाई हुई। रेलवे ने जुर्माने के रूप में करीब 61 हजार रुपए वसूले।

**कृषि यंत्रीकरण उप-मिशन**

केंद्र सरकार ने कृषि यंत्रीकरण उप-मिशन के तहत किसानों को बड़ी मदद दी है। अब तक देशभर में किसानों को लगभग 22 लाख कृषि मशीनें दी गई हैं। इनकी कीमत करीब 9 हजार 404 करोड़ रुपए है। यह मिशन 2014-15 में शुरू किया गया था। इसका मकसद खेती में मशीनों और आधुनिक तकनीकों का उपयोग बढ़ाना है। कम सुविधा वाले और उत्तर-पूर्वी राज्यों पर खास ध्यान दिया जा रहा है।

**शिक्षा -कंट्रोल सेंटर**

भोपाल कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने जिले में शिक्षा व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सेंट्रलाइज्ड एजुकेशन मॉनिटरिंग सिस्टम के तहत कंट्रोल कमांड रूम बनाने को कहा है। कलेक्टर ने आज सांदीपनी विद्यालय में समग्र शिक्षा अभियान की समीक्षा की। उन्होंने विद्यार्थियों को व्यावसायिक प्रशिक्षण से जोड़ने पर जोर दिया। स्कूल बसों में पैनिक बटन और सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य करने के निर्देश भी दिए गए।

**हादसा**

उमरिया जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-43 पर आज सुबह एक बड़ा हादसा हुआ। एक तेज रफ्तार कार खड़े ट्रक जा टकराई। हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई है, जबकि एक युवती गंभीर रूप से घायल है। परिवार अनूपपुर से चित्रकूट जा रहा था। घायल युवती को इलाज के लिए जबलपुर रेफर किया गया है।

**मौसम का हाल**

अब बात मौसम की। प्रदेश में मानसून पूरी तरह सक्रिय है। प्रदेशभर में लगातार बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग ने भिंड जिले के लिए रेड अलर्ट जारी किया। वहीं मुरैना, ग्वालियर, दतिया सहित नौ जिलों में ऑरेंज अलर्ट है। इस साल अब तक प्रदेश में सामान्य से दस प्रतिशत अधिक बारिश दर्ज हुई है।

**क्रिकेट**

भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टी-ट्वेंटी मैचों की श्रृंखला का चौथा मुकाबला आज ब्रिस्टल में खेला जाएगा। यह मैच भारतीय समय अनुसार रात दस बजे से शुरू होगा। श्रृंखला में इंग्लैंड फिलहाल दो-शून्य से आगे है। भारत को श्रृंखला में बने रहने के लिए यह मैच जीतना जरूरी है। तीसरे मैच में भारत को 125 रन से हार का सामना करना पड़ा था।

**संक्षिप्त समाचार**

- सिंगरौली कलेक्टर की पहल पर अदानी फाउंडेशन बधौरा ने महिलाओं को स्वरोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सिलाई मशीनों दी है। जिससे वे आत्मनिर्भर बन सके।
- गुना कलेक्टर की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।
- विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड वितरण केंद्र बैतूल द्वारा 10 जुलाई को संपर्क अभियान के तहत कोलगांव में शिविर आयोजित किया जाएगा।
- देवास के शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में आज मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- सीहोर जिले में लगातार बारिश के बीच कई निचले इलाकों वाले गांवों में किसानों की फसल पर जलभराव का संकट खड़ा हो गया है। इन गांवों में सोयाबीन की फसल पूरी तरह जलमग्न हो गई।
- शिवपुरी जिले में कलेक्टर अर्पित वर्मा ने आज कोलारस में मृदा परीक्षण केंद्र और एसडीओ कृषि कार्यालय का औचक निरीक्षण किया।
- अशोकनगर जिले में आगामी समय में विभिन्न सामाजिक, राजनैतिक, धार्मिक इत्यादि कार्यक्रमों के दौरान शांति बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्टर ने प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये है।
- खंडवा जिले की बोरगांव चौकी पुलिस ने गौवंश तस्करी के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।
- आगरमालवा कलेक्टर ने आज जिले में भ्रमण के दौरान ग्राम कवरा खेड़ी में किसान प्रकाश दांगी के खेत में तरबूज के बाद लगाई लौकी की फसल का निरीक्षण किया।

____________